पुस्तकालय

139
29.6.2000

सत्यमेव जयते

असंशोधित

28 JUN 2000

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग १—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)

बि० स० मु० (एल० ए०) 115—मोनो—500—10-3-2000—

139
29-6-2000

टर्न-१/ज्योति। २८-०६-२०००



द्वादस विधान-सभा

(तृतीय सत्र)

बुधवार, तिथि २८ जून, २००० ई०

०७ आषाढ़, १९२२ सं०।

( कार्यवाही प्रारम्भ होने का समय ११-०० बजे पूर्वाह्न )

(इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय नेआसन ग्रहण किया )

अध्यक्षः विधान-सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है ।

(व्यवधान)

श्री स्टीफन मरांडीः अध्यक्ष महोदय, सारठ के विधायक श्री शशांक शेखर भोगता पर बम से हमला किया गया है और गोली लगी है । २६ तारीख को वे मधुपुर आ रहे थे, तीन चार योजना का शिलान्यास करके गाड़ी पकड़ने जा रहे थे तो हमलावरों ने पथरौल में उनकी गाड़ी पर बम से हमला किया और गोली चलाया । गाड़ी भी क्षतविक्षत हो गया है । अभी वे देवघर अस्पताल में हैं ।

अध्यक्षः सरकार इसको देख ले और उनके बारे में पूरी जानकारी ले ।

श्री स्टीफन मरांडीः अध्यक्ष महोदय, वे घायल अवस्था में हैं... पहले भी उन पर हमला

अध्यक्षः सारी बांतों को देख लेंगे प्रश्नोत्तरकालचलने दीजिये । मा० मंत्री जी को हमने कह दिया, वे इसको देख लेंगे ।

श्री फुरकान अंसारी (मंत्री): महोदय, पहले भी उनके साथ इस तरह की घटना घटी है। उनके जान पर खतरा है । सरकार इसको सख्ती से ले ।

अध्यक्षः सरकार सख्ती से देखेगी ।

श्री भोला प्र० सिंहः महोदय, सरकार को कहा जाय कि ३-४ बजे इस स्थिति पर वक्तव्य दे ।

श्री स्टीफन मरांडीः उनके चिकित्सा औरसुरक्षा की भी व्यवस्था की जाय ।

श्री लालू प्रसादः महोदय, आपका हुकुम है । सरकार को हमलोग अभी कहने जा रहे हैं और आपनेकहा ही है । उनको प्लेन से लाकर इलाज करायेंगे ।